Public education
Discover a world of opportunities

प्री-प्राइमरी

रीडिंग: घर पर सीखना

अपनी संतान के साथ पढ़ना महत्वपूर्ण होता है!

आपकी संतान में खेलकूद और बहुत सी बातचीत के माध्यम से महत्वपूर्ण प्रारम्भिक रीडिंग (पठन) योग्यताओं का विकास होता है। अपनी संतान को विभिन्न प्रकार की किताबों व बाल गीतों का अन्वेषण करने के लिए प्रोत्साहित करें, और परिजनों व मित्रों को आपकी संतान के साथ पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें।

रीडिंग (पढ़ने) से आपकी संतान को यह पता लगता है कि कहानियों का प्रारम्भिक, मध्य और अंतिम भाग होता है, और ऐसा करने से उन्हें शब्दों में ध्वनियों और स्वरूपों को समझने में मदद मिलती है। जैसे-जैसे आपकी संतान स्कूल में शिक्षा-प्राप्त करते हुए प्रगति करती है, वैसे-वैसे वह शिक्षा-प्राप्ति और सामाजिक योग्यताओं और साथ ही व्यक्तिगत योग्यताओं और समझबूझ को विकसित करने के लिए इन योग्यताओं पर निर्भर करती है।

रीडर (पाठक) बनने में समय लगता है। अपनी संतान के साथ हर रोज़ बातचीत करने और किताबों का अन्वेषण करने से उनमें रीडिंग (पढ़ने) के प्रति लगाव विकसित करने में मदद मिलती है।

मैं क्या कर सकता/सकती हूँ?

इससे पहले कि आपकी संतान एक विश्वस्त रीडर बने, उनके लिए बहुत सी प्रारम्भिक रीडिंग योग्यताओं का विकास करना ज़रूरी होता है। इनमें स्पीकिंग (बोलने) और लिसनिंग (सुनने), ध्वनियों और शब्दों के बारे में सीखने और मिलकर किताबें साझा करने की योग्यताएँ शामिल हैं।

आपकी संतान खेलकूद के माध्यम से बहुत कुछ सीखती है। खेलकूद में अन्वेषण करना, खोजना, नाटक करना, कल्पना करनी, निर्माण-कार्य, कुछ बनाना और करना शामिल है।

निम्नलिखित का प्रयास करें:

- अपनी संतान के साथ बात करने का समय निकालें और उनकी बात सुनें
- कल्पना करने, बोर्ड गेम्स, *I Spy* और सरल कार्ड गेम्स जैसे खेल खेलें
- मिलकर गतिविधियाँ करें जैसे कि चिड़ियाघर जाना, सैर करते हुए पार्क जाना, संकेतों को देखना, शॉपिंग सूची बनाना, और शब्दों व चित्रों को काटकर अलग करना।

अपनी स्थानीय लाइब्रेरी का प्रयोग करें

लाइब्रेरियाँ बाल पाठकों के लिए ज्ञान का गुप्त कोष होती हैं क्योंकि यहाँ भिन्न-भिन्न किताबें, CDs, DVDs, मैगज़ीन और कॉमिक्स उपलब्ध होती हैं। अपनी स्थानीय लाइब्रेरी जाना निम्नलिखित करने हेतु एक बढ़िया तरीका है:

- अपनी संतान के साथ किताबों और रीडिंग के महत्व को साझा करने का
- पूरे परिवार को पढ़ने की नियमित गतिविधियों में शामिल करने का
- अपनी संतान के पसंदीदा लेखकों और चित्रकारों से सम्बन्धित किताबें खोजें
- ऐसे संसाधनों का प्रयोग करें जो शायद घर पर उपलब्ध न हों, जैसे कि कम्प्यूटर
- छुट्टियों की गतिविधियों में भाग लें।

किताबें पढ़ना Lynley Dodd द्वारा लिखी Hairy Maclary and friends
Martin Waddell द्वारा लिखी Owl babies
Pamela Allen द्वारा लिखी Who sank the boat?
Emily Gravett द्वारा लिखी Meerkat mail
Michael Morpurgo द्वारा लिखी Wombat goes walkabout

Department of
Education

आपको और अधिक जानकारी **education.wa.edu.au** पर होम सूचना-पत्रकों पर मिलेगी।

© Department of Education, Western Australia, 2015